भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **1980**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024/15 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**उर्वरकों पर डीलर मार्जिन**

**1980. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने कब जटिल उर्वरकों, डीएपी और एमओपी पर डीलर मार्जिन 20 से 22 रुपये प्रति बैग और यूरिया पर कुल डीलर मार्जिन 15.88 रुपये प्रति बैग निर्धारित किया था;
(ख) आज की तिथि के अनुसार इन उर्वरकों पर चढ़ाई और उतराई व्यय पृथक-पृथक कितना है;
(ग) कॉम्प्लेक्स उर्वरक, डीएपी और एमओपी पर खुदरा विक्रेताओं के लिए 6 प्रतिशत और थोक विक्रेताओं के लिए 2 प्रतिशत का न्यूनतम मार्जिन निर्धारित करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और
(घ) यूरिया में खुदरा विक्रेताओं के लिए 23 रुपये प्रति बैग और थोक विक्रेताओं के लिए 7 रुपये प्रति बैग का मार्जिन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

<u>**उत्तर**</u>

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) से (घ):** सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के तहत फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की तर्कसंगतता के मूल्यांकन के लिए दिनांक 18.01.2024 को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, डीएपी और एमओपी के मामले में एमआरपी के 2% तक और एनबीएस के अंतर्गत पीएण्डके उर्वरकों के अन्य सभी ग्रेड़ों के लिए 4% की सीमा तक की डीलर मार्जिन की अनुमति है। एनबीएस नीति के अंतर्गत, एमआरपी विनियंत्रित है और इसे उर्वरक कंपनियों द्वारा बाजार के उतार चढ़ाव के अनुसार युक्तिसंगत स्तर पर नियत किया जाता है।

यूरिया के मामले में, भारत सरकार ने निजी व्यापार के साथ-साथ संस्थागत एजेंसियों के माध्यम से यूरिया की बिक्री के लिए डीलर/वितरण मार्जिन की दर को 01 अप्रैल, 2018 से संशोधित कर 354 रुपये प्रति मी.टन कर दिया है।

*******